जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2021/851 दिनांक : 08.06.2021

प्रति,

अति आवश्यक

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त शासकीय एवं अशासकीय,अनुदानित सम्बद्ध महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषयः- स्नातक-पाठ्यक्रम **बी0एस0सी, द्वितीय वर्ष वार्षिक मुख्य परीक्षा मार्च-2021** महाविद्यालयीन संस्थागत (नियमित/भूतपूर्व/पूरक) छात्र/छात्राओं के **रसायन शास्त्र** (CHEMISTRY) विषय के आंतरिक मूल्यांकन के अंक विश्वविद्यालय के **एम0पी0 ऑनलाइन पोर्टल पर पुनः अपडेट करने हेतु।**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, स्नातक-पाठ्यक्रम **बी0एस0सी, द्वितीय वर्ष वार्षिक मुख्य परीक्षा मार्च-2021** के रसायन शास्त्र (CHEMISTRY) विषय के आंतरिक मूल्यांकन के अंक कई महाविद्यालयों द्वारा ए0पी0 ऑनलाइन पोर्टल पर नवीन स्कीम अपलोड होने के पूर्व ही ऑनलाइन कर दिये गये है। जिसके कारण महाविद्यालयों द्वारा रसायन शास्त्र विषय के ऑनलाइन अपडेट अंको में भिन्नता है। उक्त विषय के आंतरिक मूल्यांकन के अंक नवीन स्कीम अनुसार अधिकतम अंक 20 में से ऑनलाइन किये जाने है, जवकि कई महाविद्यालयों द्वारा पुरानी स्कीम अनुसार ही आंतरिक मूल्यांकन के अंधिकतम अंक 15 में से ही प्रदान कर ऑनलाइन कर दिये हैं जो परीक्षा स्कीम अनुसार नहीं है।

अतः उक्त संबध में समस्त महाविद्यालय प्राचार्यों को सूचित किया जाता है कि, स्नातक-पाठ्यक्रम **बी0एस0सी, बी0एस0सी, द्वितीय वर्ष वार्षिक मुख्य परीक्षा मार्च-2021** के रसायन शास्त्र (CHEMISTRY) विषय के आंतरिक मूल्यांकन के अंक जो अधिकतम अंक 15 में से प्रदान कर ऑनलाइन कर दिये गये है। **उक्त अंक विश्वविद्यालय के एम0पी0 ऑनलाइन पोर्टल से रीसेट किये जा रहे हैं।** उक्त विषय के आंतरिक मूल्यांकन को 20 का पूर्णाक मानते हुऐ छात्र/छात्राओं के आंतरिक मूल्यांकन के अंक 20 में से प्रदान कर एम0पी0 ऑनलाइन पोर्टल पर दिनांक 25.06.2021 तक आवश्यक रूप से अपडेट करें।

आंतरिक मूल्यांकन के अंक निर्धारित अवधि में ऑनलाइन नहीं करने पर संबंधित छात्र/छात्रा को उक्त उक्त विषय में अनुपस्थित मानकर परीक्षा परिणाम घोषित किये जावेगा। जिसकी समस्त जबावदारी महाविद्यालय प्राचार्य की स्वंय की होगी। अतः महाविद्यालय प्राचार्य आवश्यक रूप से यह सुनिश्चित कर लें कि निर्धारित तिथि तक समस्त परीक्षार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन के अंक ऑनलाइन अपडेट हों।

आपको यह भी ज्ञात होगा कि, आंतरिक मूल्यांकन के अंक सभी नियमित/भूतपूर्व छात्र/छात्राओं के ऑनलाईन अपडेट किये जाने है तथा पूरक (SUPPLYMENTRY)परीक्षा में सम्मलित परीक्षार्थी जिनके आंतरिक मूल्यांकन के अंक पूर्व में भेजे जा चुके हैं के आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के अंक ऑनलाइन अपडेट नहीं होते है। केवल ऐसे पूरक (SUPPLYMENTRY) परीक्षार्थी जो आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में अनुत्तीर्ण है। केवल उन्ही छात्रों के नवीन आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के अंक अपडेट किये जाते है।

आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. उप/सहा0 कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
2. कुलपति महोदया के सचिव,जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निजि सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
4. विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड हेतु।

उप/सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)